आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट

उत्तरप्रदेश मौसम शुक्रवार
20 दिसम्बर 2024

बारिश 0/:
नमी 56
हवा 6 किमी/घ
खिली धूप
तापमान बारिश हवा
यूपी के कई जिलों में घने कोहरे का यलो अलर्ट

बर्ष :13 अंक :346 पृष्ठ -4 दिनांक 20 दिसम्बर 2024 दिन शुक्रवार

# यूपी में 5000 करोड़ रुपये की बिजली चोरी

## हर साल लगभग एक लाख बीस हजार मिलियन यूनिट बिजली खरीदी जाती है, 5 हजार करोड़ रुपये की बिजली चोरी होती है

**उत्तर प्रदेश (जननायक सम्राट)** यू.पी के संभल में बिजली चोरी को लेकर विभाग की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है. जिसकी चपेट में समाजवादी पार्टी के सांसदजियाउर्रहमान बर्क भी आ गए हैं. बिजली विभाग की टीम ने जब भारी सुरक्षा बल के बीच उनके घर की चेकिंग की तो वहां भी बिजली चोरी की बात सामने आई है. जिसके बाद उनके खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा. संभल ही नहीं पूरे यूपी में बड़े स्तर पर बिजली चोरी की जा रही है. आंकड़ों के मुताबिक यूपी में पांच हजार करोड़े रुपये की बिजली चोरी होती है. यूपी के संभल में हुई हिंसा के बाद से यहां अतिक्रमण और बिजली चोरी के खिलाफ बड़े स्तर पर अभियान चल रहा है. जांच के दौरान संभल में बड़े स्तर पर कटिया डालकर बिजली चोरी के मामले सामने आए हैं. इस मामले में यहां अब तक एक हजार से ज्यादा केस दर्ज किए गए हैं. वहीं सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के घर भी बिजली से जुड़ी अनियमितता सामने आई है. जिसके बाद प्रदेश में बिजली चोरी को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं. किस जोन में कितनी बिजली चोरी पूरे उत्तर प्रदेश में हर साल लगभग एक लाख बीस हजार मिलियन यूनिट बिजली खरीदी जाती है. जानकारी के मुताबिक इसमें से 5 हजार करोड़ रुपये की बिजली चोरी होती है. पश्चिमांचल से लेकर मध्यांचल और केस्को सभी का यही हाल है. आंकड़ों के मुताबिक पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सहारनपुर जोन में 24.62 फीसद तक डिस्ट्रीब्यूशन लॉस निगम को उठाना पड़ता है.पश्चिमांचल केमुरादाबाद जोन की बात की जाए तो यहां 18.43 प्रतिशत तक डिस्ट्रीब्यूशन लॉस है. इस



मामले में दक्षिणांचल निगम लिमिटेड का भी यहीं हाल है. यहां के बांदा जोन में 24.22 फीसद तक डिस्ट्रीब्यूशन लॉस है. मध्यांचल निगम लिमिटेड की बात की जाए तो यहां के देवीपाटन जोन में 21. 76 फीसद, पूर्वांचल निगम लिमिटेड के आजमगढ़ जोन में 19.29 फीसद और झम्मैब्ब में 12.09 फीसद का डिस्ट्रीब्यूशन लॉस है. संभल के बाद से अब यूपी में बड़े स्तर पर UPPCL बिजली चोरी के खिलाफ अभियान शुरू करने जा रहा है. कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गोयल ने मंगलवार को शक्ति भवन में सभी डिस्कामों के कार्यों की समीक्षा की और महाभियान चलाकर बिजली चोरी के विरुद्ध कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए हैं और एक–एक बकायेदार से वसूली करने को कहा है.

## बदला प्रदेश का मौसम, इन जिलों के लिए जारी हुई घने कोहरे की चेतावनी, तेजी से नीचे गिरेगा पारा

यूपी में एक बार फिर से मौसम ने करवट ली है। सुबह से निकलने वाली धूप की जगह ज्यादातर जिलों में कोहरे की चादर छाई हुई है। मौसम विभाग के अनुसार ऐसा 22 दिसंबर त रहेगा।पुरवाई के असर से मौसम में बदलाव के बीच यूपी के तराई इलाकों में बुधवार को घना कोहरा देखने को मिला। दिन व रात के तापमान में हल्की बढ़ोतरी दर्ज हुई। घने कोहरे की वजह से बरेली और आगरा में दृश्यता शून्य तक सिमट गई। बलिया, अमेठी, बहराइच आदि में दृश्यता 200 मीटर तक रही। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार के लिए यूपी के 30 से ज्यादा जिलों में घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। अगले दो दिन यूपी में अधिकतम व न्यूनतम तापमान में हल्की बढ़त के आसार हैं। साथ ही पूर्वा हवा के असर से तराई और पूर्वांचल समेत प्रदेश के विभिन्न इलाकों में घना कोहरा छाएगा। इन इलाकों में है घने कोहरे की चेतावनीआंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि 21 दिसंबर तक मौसम ऐसा ही रहने वाला है। 22 से नए विकसित हुए पश्चिमी विक्षोभ के असर से पुरवाई थमेगी और उत्तरी पश्चिमी हवाएं चलेंगी। इससे फिर से तापमान में गिरावट आनी शुरू होगी और कोहरा छंटेगा।प्रदेशभर में बुधवार को अधिकतम तापमान की बात करें तो बहराइच में सर्वाधिक 26.4 डिग्री, प्रयागराज में 25.9 डिग्री और अमेठी में 25.8 डिग्री सेल्सियस रहा। न्यूनतम तापमान बुलंदशहर में सबसे कम 5 डिग्री, चुर्क में 5.6 डिग्री और कानपुर में 6 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा।



इन जिलों में होगा घना कोहरा बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं और आसपास के इलाकों में।

## कांग्रेस कार्यकर्ता की मौत मामले में अज्ञात के खिलाफ . हत्या का मुकदमा दर्ज, परिजनों ने की यह मांग

गोरखपुर के गीडा थानाक्षेत्र के रहने वाले कांग्रेस कार्यकर्ता प्रभात पाण्डेय की बुधवार को लखनऊ विधानसभा का घेराव करने के दौरान घायल होने के बाद मौत गई थी। गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार गोरखपुर के मुक्तिधाम पर हो रहा है। इस दौरान भारी संख्या में लोग मौजूद हैं। प्रभात पाण्डेय के चाचा मनीष पांडेय की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। इसके साथ ही परिजनों ने योगी सरकार से कई मांग की है।प्रभात पाण्डेय के चाचा मनीष पांडेय ने कहा कि मेरे बेटे की हत्या की गई है। पुलिस की पिटाई की वजह से उसकी मौत हुई है। दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। इसके साथ ही परिवार को एक करोड़ रुपए मुआवजा





और एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दी जाए। लखनऊ में विरोध प्रदर्शन के दौरान जिस वक्त पुलिस से झड़प हुई थी उसी वक्त प्रभात पांडे बेहोश हो गए थे। उन्हें अस्पताल ले जाया गया था जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। बताया जाता है कि प्रभात के सिर में चोट लगने की वजह से मौत हुई है। निर्मला पासवान जिलाध्यक्ष कांग्रेस ने बताया कि मै लखनऊ से गोरखपुर लौट रही हूं।सबसेपहले धर्मेंद्र के अंतिम संस्कार में जाऊंगी। इनकीहत्याकी गई है।पुलिस की बर्बरता का यह उदाहरण हैमेरे घर पर भी फोर्स तैनात की गई है।

## संभल में प्राचीन नक्शे के आधार पर होगा जीर्णोद्धार

उत्तर प्रदेश के संभल में अतिक्रमण हटाने और खुदाई के दौरान हर दिन नए खुलासे हो रहे हैं. संभल में जांच के दौरान दो ऐसे मंदिर मिले हैं जिन पर सालों से ताला लगा पड़ा था, जिसके बाद प्रशासन की ओर से यहां की साफ–सफाई कराई गई है और अब यहां फिर से पूजा–पाठ शुरू हो गया है. ऐसे में सबके मन में सवाल ये है कि संभल में आगे क्या होगा? जिसका जवाब डीएम राजेंद्र पेंसिया ने दिया है. संभल में बीते शनिवार को प्राचीन शिव मंदिर मिला था. जो कई सालों से बंद पड़ा हुआ था, जिसके बाद प्रशासन की ओर से इस मंदिर की साफ–सफाई कराई गई. मंदिर के पास ही एक कूप भी मिला जिसमें माता पार्वती, भगवान गणेश और कार्तिकेय की प्रतिमाएं मिली हैं. इसके बाद यहां के एक और इलाके से राधा–कृष्ण मंदिर का भी प्रशासन ने ताला खुलवाया. डीएम राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि संभल का प्राचीन नक्शे के आधार पर जीर्णोद्धार होगा.डीएम ने कहा कि संभल के प्राचीन नक्शे को मिलाया जा रहा है. यहां के प्राचीन नक्शे में 19 कूप, 68 तीर्थ, 36 पूरे और 52 सराय हैं. नक्शे के मुताबिक इन सभी को खोजा जाएगा और फिर उनका जीर्णोद्धार कराया जाएगा. संभल को धर्म नगरी की तरह विकसित किया जाएगा और यहां की प्राचीन संस्कृति दिखाकर पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा. डीएम ने कहा कि प्राचीन नक्शे में मौजूद 19 कूप में से 17–18 कूप मिल चुके हैं. जिसके आधार पर उसके पौराणिक रूप में उसे फिर से संवारा जाएगा. डीएम ने कहा कि संभल का नाम पौराणिक नाम श्शंभलश है यानी शंभू की नगरी. इसका जो प्राचीन मानचित्र है उसमें तीन ओर भगवान शिव का मंदिर है. दो शिवमंदिर तो वर्तमान मिलते हैं और तीसरे मंदिर को हम खोज रहे हैं. हमारी सात सदस्यों की टीम तहसीलदार के नेतृत्व में इसकी जांच कर रही है. उन्होंने कहा कि हम कुछ नया नहीं कर रहे हैं हम सिर्फ वही कर रहे है कि जो मैप पर है वो ग्राउंड पर भी दिखे.

## हेड कांस्टेबल के पांच लाख रुपये वापस .नहीं करने पर मुकदमा दर्ज

साहिबाबाद। टीलामोड़ थाना क्षेत्र के डिफेंस कॉलोनी के हेड कांस्टेबल ने उधार लिए पांच लाख रुपये नहीं देने पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने पैसे मांगने पर धमकी देने का आरोप लगाया हैपीड़ित विरेंद्र सिंह ने बताया कि वह दिल के मरीज हैं। वह सोनू उर्फ शाहबाज निवासी ग्राम ताजपुर थाना बेहटा जनपद सहारनपुर से दवाई लेते थे। इसके चलते उससे जान पहचान हो गई थी। सोनू ने पिता की बीमारी का बहाना कर उससे पांच लाख रुपये ले लिए। काफी समय बीतने पर भी उसने रुपये वापस नहीं किए।इसके बाद वह उसके घर पहुंचे। जहां पर उसके पिता रिजवान और भाई सिराज ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस आयुक्त के आदेश पर उक्त लोगों के खिलाफ टीला मोड थाने में केस दर्ज किया गया है।

# कांग्रेस और सपा में खत्म हुई दूरियां

लोकसभा चुनाव के दौरान उत्तर प्रदेश में साथ चुनाव लड़ने वाले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच संभल, अडाणी और सोरोस के मुद्दे को लेकर कथित तौर पर सियासी दूरियां आ गईं थीं. दावा यह भी किया गया था कि संसद में सिटिंग अरेंजमेंट को लेकर भी कांग्रेस से सपा नाराज है. उत्तर प्रदेश स्थित मै. नपुरी से सांसद डिंपल यादव ने भी स्पष्ट किया था कि हमें न तो अडाणी के मुद्दे से वास्ता है न ही सोरोस से. हम चाहते हैं कि संसद सुचारू रूप से चले. इतना ही नहीं आजमगढ़ से सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा था कि संभल के मुद्दे पर उसे कांग्रेस का साथ नहीं मिल रहा है. ऐसे में दावा किया जा रहा था कि संसद में सपा और कांग्रेस की दूरियां बढ़ रहीं हैं. हालांकि गुरुवार को संसद परिसर से सामने आईं



तस्वीरों ने यह इंगित किया है कि सपा और कांग्रेस के बीच धीरे–धीरे सब कुछ फिर पटरी पर लौट रहा है. दरअसल, संसद परिसर में गुरुवार, 19 दिसंबर को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी पार्टी के अन्य सांसदों के साथ गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान का विरोध कर रहे थे जो उन्होंने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के संदर्भ में राज्यसभा में दिए थे. इस मुद्दे पर राहुल के साथ समादवादी पार्टी के सांसद भी दिखे. सपा सांसदों में राज्यसभा सांसद और सपा प्रमुखअखिलेश यादव के चाचा रामगोपाल यादव साथ दिखे. इस दौरान वायनाड सांसद प्रियंका गांधी भी नजर आईं. आपको बता दें संसद परिसर में बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष विरोध मार्च निकाला. उन्होंने मकर द्वार तक मार्च किया और राज्यसभा में बाबा. साहेब
अंबेडकर पर की गई टिप्पणी के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से माफी मांगने और इस्तीफा देने की मांग की.

## मुस्लिम आबादी में 45 साल बाद बंद पड़े मंदिर पर हिंदूवादियों ने की पूजा अर्चना, गंगाजल से किया शुद्धिकरण

उत्तरप्रदेश अलीगढ़ के थाना बन्ना देवी के सराय रहमान का है. जहां 45 वर्षों से भी ज्यादा खंडर अवस्था मे मंदिर मिलने के बाद शिव मंदिर में हिंदू भक्तों द्वारा पूजा–अर्चना की गई. जिसमें भक्तों का गजब का उत्साह देखने को मिला. मंदिर में भक्तों ने भक्ति भाव से भगवान शिव की आराधना की और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए. इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने वातावरण को भक्ति और उत्साह से भर दिया. पूजा–अर्चना के दौरान भक्तजन भगवान शिव के मंत्रों का उच्चारण करते हुए मन्दिर को गंगाजल से पवित्र करते नजर आए. वहीं मंदिर परिसर में गूंजते भजनों और कीर्तन ने माहौल को और अधिक पवित्र बना दिया. श्रद्धालुओं ने मंदिर में प्रसाद वितरण भी किया इस मौके पर श्रद्धालुओं ने मंदिर को फूलों और दीपों से सजाया, जिससे चारों ओर रौनक और भक्तिमय वातावरण बना रहा. इस कार्यक्रम के आयोजन में स्थानीय हिंदू संगठनों की भी भागीदारी रही, भक्तों ने भगवान शिव से अपने



परिवार की सुख–शांति और समृद्धि की कामना की.सराय रहमान में घनी मुस्लिम आबादी में मंदिर की ऐतिहासिक और धार्मिक महत्ता के कारण यह श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा है. धार्मिक अनुष्ठानों के साथ–साथ भक्तों ने प्रसाद वितरण और भंडारे का भी आनंद लिया, जिससे सभी के चेहरे पर खुशी और संतोष झलक रहा था.विश्व हिंदू परिषद करेगा मंदिर की देखभाल विश्व हिंदू परिषद के नेता प्रतीक रघुवंशी के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि सराय रहमान में प्राचीन मंदिर को लंबे समय से योजनाबद्ध तरीके से दबाने का काम किया जा रहा था. मंदिर के चारों ओर अवैध कब्जे हैं. जिनको लेकर जल्द मंदिर के आसपास मौजूद मंदिर की जमीन को खाली करने का काम किया जाएगा.

# शाहदरा पुलिस की बड़ी कामयाबी,ऑपरेशन विश्वास के तहत चोरी हुए 555 मोबाइल फोन बरामद

दिल्ली के शाहदरा जिले की पुलिस ने ऑपरेशन विश्वास के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए 555 चोरी, झपटे और गुम हुए मोबाइल फोन बरामद किए हैं. पुलिस के मुताबिक, इन मोबाइल फोन्स की अनुमानित कीमत लगभग 2 करोड़ रुपये है. पुलिस ने ये ऑपरेशन 1 अप्रैल 2024 को शुरू किया गया था. जिसका मकसद चोरी हुए मोबाइल फोन को ट्रैक कर बरामद करना और क्राइमियों को सलाखों के पीछे पहुंचाना था.शाहदरा जिला पुलिस की टेक्निकल सर्विलांस टीम ने सबसे अहम भूमिका निभाई. एएसआई दीपक कुमार और उनकी टीम ने मोबाइल फोन की एक्टिविटी को नंबर और कॉल डिटेल रिकॉर्ड के जरिए ट्रैक किया. सरकारी सीईआईआर पोर्टल की भी मदद ली गई, जिससे 150 मोबाइल फोन बरामद हुए.स्पेशल टीमों को अलग–अलग राज्यों में भेजा गया




इसके बाद शाहदरा जिला पुलिस की 14 स्पेशल टीमों को अलग–अलग राज्यों में भेजा गया, जिनमें दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और जम्मू–कश्मीर शामिल है. इन टीमों ने मिलकर 555 मोबाइल फोन बरामद किए. डीसीपी (शाहदरा) प्रशांत प्रिय गौतम ने कहा, टीम में दो दस्ते शामिल थे– एक बैकएंड ट्रैकिंग ऑपरेशन के लिए और दूसरा बिहार, पूर्वी यूपी और अन्य राज्यों में दूर–दराज के इलाकों में छापेमारी करने के लिए, जहां चोरी किए गए फोन का निपटान किया गया था. बैकएंड टीमों से मिले इनपुट पर काम करते हुए, पुलिस ने लोकेशन पर पहुंचकर फोन बरामद किए. पुलिस ने दी यह जानकारी तकनीकी टीम के एएसआई दीपक कुमार ने बताया, ऑपरेशन के दौरान हमें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा. यूपी के बहराइच में छापेमारी के दौरान एक संदिग्ध अपने घर से भागकर खेतों में चला गया. हमारी टीम ने उसे पकड़ने से पहले खेतों में करीब 5 किलोमीटर तक उसका पीछा किया और मोबाइल फोन बरामद किया. बाद में उसे कोर्ट में पेश किया गया.कुमार ने बताया, एक अन्य मामले में, बिहार के एक सुदूर गांव से बरामदगी के दौरान एक अपराधी के परिवार ने हंगामा किया, लेकिन गांव के सरपंच की मदद से टीम ने मोबाइल फोन बरामद करने और आरोपी को पकड़ने में कामयाबी हासिल की

## अंबेडकर पर संसद में तकरार.नीली टी–शर्ट में राहुल, .ब्लू साड़ी पहनकर पहुंचीं प्रियंका गांधी,



नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र में इस बार सत्ता पक्ष और विपक्ष में काफी गहमागहमी देखने को मिली। राज्यसभा में गृह मंत्री अमित शाह के आंबेडकर पर दिए बयान को लेकर विपक्ष हमलावर है।इसी क्रम में आज संसद परिसर में विपक्ष ने प्रदर्शन किया। इस दौरान राहुल गांधी नीली टी–शर्ट में नजर आए। वहीं प्रियंका गांधी भी नीली साड़ी में संसद पहुंचीं। नीले रंग को दलितों के प्रतिरोध के प्रतीक के रूप में देखा जाता है।प्रियंका ने लगाया अपमान का आरोप इस दौरान समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए प्रियंका गांधी कहा, "संसद में जिस तरह इन्होंने बाबा साहेब का अपमान किया। आज सुबह इनका एक्स हैंडल देखिए, बाबा साहेब की तस्वीर के साथ खिलवाड़ किया। ये वही सोच है, जो बाबा साहेब की मूर्तियों के हाथ–पैर काट देते हैं। इन पर कौन भरोसा करेगा।प्रियंका ने कहा, "ये कहते हैं कि आरक्षण को खत्म नहीं करना चाहते, संविधान को बदलना नहीं चाहते। लेकिन क्या कर रहे हैं। इनके अंदर आदर का भाव नहीं है। ये संविधान के निर्माता है, उनके बारे में आप ऐसा कह रहे हैं। कैसे शुरू हुआ पूरा विवाद? दरअसल राज्यसभा में गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन के दौरान कांग्रेस पर डॉ. आंबेडकर के अपमान का आरोप लगाया था। इस पर खूब बवाल मचा। मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी से अमित शाह को बर्खास्त करने तक की मांग कर दी। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि अमित शाह ने आंबेडकर का अपमान किया है। शाह ने दी थी सफाई इसके बाद बुधवार को अमित शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इन आरोपों पर सफाई दी। शाह ने कहा कि उनके बयान को तोड़–मरोड़कर पेश किया गया है और कांग्रेस को उनका पूरा बयान जारी करना चाहिए। शाह ने कहा था, "कांग्रेस ने मेरे बयान को तोड़–मरोड़ कर जनता के सामने बहुत छोटा सा भाग काट कर रखा और भ्रांति फैलाने का प्रयास किया। तथ्यों को तोड़–मरोड़ कर समाज में झूठ फैलाना कांग्रेस की पुरानी आदत है।

## वृंदावन के प्रसिद्ध ठाकुर श्री बांके बिहारी महाराज मंदिर में भी ड्रेस कोड लागू



भारत में मथुरा जिले के वृंदावन धाम में बना विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं. बांके बिहारी के दर्शन के लिए हर रोज श्रद्धालुओं की लंबी लाइनें देखने को मिलती है. ऐसे में ठाकुर बांके बिहारी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं से मंदिर प्रबंधक कमेटी ने अपील की है. कमेटी ने इसे लेकर एक पोस्ट भी किया है. पोस्ट में कमेटी ने ठाकुर बांके बिहारी आने वाले भक्तों से निवेदन किया है कि वह वह छोटे फटे और मिनी स्कर्ट जैसे कपड़ों में दर्शन करने ना आएं.कमेटी की इस अपील को लेकर भक्तों के मन में भी सवाल खड़े हो गए हैं. हालांकि ये पहली बार नहीं है जब ठाकुर बांके बिहारी मंदिर और ब्रज के अन्य मंदिरों के लिए ऐसी अपील की गई हो. इससे पहले भी ठाकुर जी के दर्शन करने के लिए मंदिर प्रबंधन और मंदिर सेवायत ने छोटे वस्त्र पहनकर न आने के लिए भक्तों से अपील की गई हो.मंदिर प्रबंधक कमेटी ने अपील के साथ–साथ ठाकुर बांके बिहारी मंदिर की गली के बाहर पोस्टर भी लगा दिए गए हैं, जिसमें लिखा गया है कि मंदिर आने वाले सभी महिला पुरुष से निवेदन है कि वह मंदिर दर्शन करने आते वक्त मर्यादित वस्त्र पहनकर आए कटे फटे मिनी स्कर्ट या छोटे वस्त्र या अब मर्यादित वस्त्र पहनकर दर्शन करने न आए. सहयोग करने के लिए किया निवेदन श्रद्धालु जैसे ही आज सुबह गेट नंबर 3 पर दर्शन करने के लिए पहुंचे तो उन्होंने रास्ते पर एक बैनर लटका हुआ दिखाई दिया, जिसमें उनसे दर्शन करने के लिए मर्यादित वस्त्र पहनकर आने का सहयोग करने के लिए लिखा था. बोर्ड पर लिखा हुआ है कि यह पर्यटक स्थल नहीं बल्कि धार्मिक स्थल है. ठाकुर बांके बिहारी मंदिर से पहले राधा दामोदर और बरसाना के राधा रानी मंदिर में भी भक्तों से मर्यादित वस्त्र पहनने की अपील की गई थी.

## RJD विधायक रीतलाल यादव के भाई के घर छापा, ये चीजें हुई बरामद



RJD विधायक रीतलाल यादव के भाई पिंकू यादव उर्फ टिंकू यादव के घर पुलिस ने आज यानी 19 दिसंबर को छापेमारी की। यह छापेमारी खगौल थाना क्षेत्र अंतर्गत हुई है। इस दौरान हथियार, नोट गिनने की मशीन और कैश समेत कई चीजें बरामद की गई हैं। मामले की जानकारी देते हुए बताया की दानापुर एएसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि खगौल थाना कांड संख्या 284ध्24 में कोर्ट से वारंट लेकर अभियुक्त पिंकू यादव उर्फ टिंकू यादव के ठिकानों पर छापेमारी की गई है।छापेमारी में बरामद हुई चीजों की जानकारी देते हुए ेि ने बताया की बिना लाइसेंस की तीन बंदूकें बरमाद की गई है। उन्होंने बताया कि लगभग 11.50 लाख रुपये के आसपास कैश मिला है। हालांकि उन्होंने बताया कि छापेमारी पूरी हो जाने के बाद बताई जाएगी कि कुल कितने कैश मिले हैं।साथ ही यह भी बताया कि बहुत सारे फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन के कागजात भी मिले हैं। पुरानी तिथि में जमीन खरीद–बिक्री के जो स्टांप होते हैं वो मिले हैं। पैसे गिनने की मशीन भी मिली है। इसके साथ और भी बहुत सारी चीजें है। इसकी जांच जारी है।

## फर्रूखाबाद से सांसद मुकेश राजपूत संसद परिसर में घायल

### सीएम योगी आदित्यनाथ ने की फोन पर बात



फर्रूखाबाद से भारतीय जनता पार्टी के सांसद मुकेश राजपूत, गुरुवार को संसद परिसर में धक्कामुक्की के दौरान घायल हो गए. इसके बाद उन्हें फौरन अस्पताल ले जाया गया. जहां उनका इलाज जारी है इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनसे फोन पर बात की है. यह जानकारी सूत्रों ने दी है.जानकारी के मुताबिक भाजपा सांसद मुकेश राजपूत को अल्ट्रासाउंड और अन्य मेडिकल टेस्ट के लिए आरएमएल अस्पताल ले जाया गया. इंडिया अलायंस के सांसदों के साथ कथित धक्का–मुक्की के दौरान चोट लगने के बाद उन्हें यहां भर्ती कराया गया है.उधर, संसद परिसर स्थित मकर द्वार पर को विपक्षी इंडिया अलायंस और छक् के सांसदों के बीच हुई धक्का–मुक्की के मामले में शिकायत दर्ज कराने अनुराग ठाकुर और बांसुरी स्वराज समेत राजग के तीन सांसद संसद मार्ग पुलिस थाने पहुंचे. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि ठाकुर और स्वराज ने तेलुगू देशम पार्टी के एक सांसद के साथ पुलिस थाने में वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की.संविधान निर्माता बी आर आंबेडकर के कथित अपमान को लेकर संसद परिसर में विपक्ष और राजग स ांसदों के बीच हुई धक्का–मुक्की में पूर्व मंत्री प्रतापचंद्र सारंगी घायल हो गए. भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर सारंगी को धक्का देने का आरोप लगाया हालांकि कांग्रेस नेता ने इस आरोप को खारिज कर दिया कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल नेबताया कि इस धक्का–मुक्की में भाजपा सांसद मुकेश राजपूत भी घायल हो गए. सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सारंगी और राजपूत को फोन कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली

## अमित शाह के बयान पर डिंपल यादव ने जताई नाराजगी



राज्यसभा में भारतीय जनता पार्टी के नेता और गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर पर दिए बयान पर सपा सांसद डिंपल यादव ने प्रतिक्रिया दी है. मैनपुरी सांसद ने कहा कि आंबेडकर जी पर जो टिप्पणी की गई हैं उसके लिए पूरी भाजपा पार्टी को माफी मांगनी चाहिए ,इस टिप्पणी की हम निंदा करते हैं. भाजपा बाबासाहेब आंबेडकर जी के सिद्धांतो के खिलाफ है ,भाजपा नहीं चाहती की देश संविधान से चले. सपा सांसद डिंपल यादव ने कहा, "मैं समझती है कि BJP के लोगों को ये समझना चाहिए कि जो सिद्धांत बाबा साहब ने दिए हैं देश उनके सिद्धांतों पर आगे बढ़ेगा और जिस तरह बाबा साहब का अपमान हुआ वो निंदनीय है. हम चाहते हैं कि बीजेपी इसके लिए माफी मांगे.

## लालू यादव ने अंबेडकर को बताया भगवान, गृह मंत्री अमित शाह पर दिया विवादित बयान

पटना. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के राज्यसभा में दिए बयान पर देशभर में सियासी पारा काफी हाई है. विपक्ष के अलग–अलग नेता लगातार अमित शाह के बयान के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं. अब आरजेडी (श्रव) सुप्रीमो लालू यादव ने गृह मंत्री अमित शाह पर बड़ा हमला बोलते हुए उनके खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल किया है. दरअसल लालू प्रसाद यादव केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लेकर विवादित बयान दिया है. वहीं लालू यादव ने अमित शाह से इस्तीफा देने की भी मांग की है.दरअसल लालू प्रसाद यादव ने पटना में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि अमित शाह को राजनीति त्याग कर इस्तीफा दे देना चाहिए. राज्यसभा में अंबेडकर पर दिए बयान को लेकर लालू यादव ने अमित शाह की आला. `चना करते हुए कहा कि अंबेडकर भगवान हैं. हम अमित शाह के बयान की कड़ी निंदा करते हैं. अमित शाह के बयान को हमने सुना हैं, उनके बयान से ऐसा लगता है कि वह अंबेडकर से घृणा करते हैं.बता दें, बुधवार को तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया साइट X पर पोस्ट शेयर बीजेपी पर प्रहार करते हुए बाबा साहेब अंबेडकर को फैशन, पैशन और इंस्पीरेशन बताया था. वहीं तेजस्वी यादव ने अमित शाह की ओर से दिए गए बयान की न सिर्फ निंदा की थी बल्कि उनसे माफी मांगने को भी कहा है. तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया साइट X पर पोस्ट शेयर कर लिखा था–भाजपाई कान खोल कर सुन लें, बाबा साहेब अंबेडकर हमारे Fashion भी हैं, Passion भी हैं, Inspiration भी हैं और Motivation भी हैं. RSS/BJP वालों ने सर्वप्रथम महात्मा गांधी जी को गाली दी, फिर जननायक कर्पूरी ठाकुर को दी, फिर नेहरू को दी और अब अंबेडकर को गाली दे रहे है। इनके अपने तो सब नेता माफीवीर रहे इसलिए देश के महापुरुषों को अपमानित करने का इनका डिजाइन है.बता दें, गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में कांग्रेस और विपक्ष के नेताओं पर जमकर हमला बोलते हुए कहा था कि अभी एक फैशन हो गया है, आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर३, इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिलता. उनके इस बयान के खिलाफ विपक्ष जुट होकर लगातार सियासी हमले कर रहा है.

## BJP सांसद प्रताप सारंगी चोटिल, .बोले– राहुल ने धक्का मारा



भाजपा सांसद प्रताप सा. रंगी को चोट लगने की खबर है। दरअसल, बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान को लेकर कांग्रेस ने संसद भवन परिसर में मार्च निकाला। जवाब में भाजपा ने कांग्रेस पर झूठ की राजनीति का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। इस दौराप दोनों दलों के सांसद आमने–सामने आ गए। दोनों के बीच धक्का–मुक्की की भी नौबत आई। इस बीच प्रताप सारंगी चोटिल देखे गए। जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का दिया, जो मेरे ऊपर गिर गए। इसके बाद मैं नीचे गिर गया। मैं सीढ़ियों के पास खड़ा था, जब राहुल गांधी आए और एक सांसद को धक्का दिया, जो मेरे ऊपर गिर गए।

## प्लेस्टोर से हटाया गया शेयर ऐप्स का विकल्प

गूगल ने गूगल प्लेस्टोर से ऐप शेयर करने का विकल्प हटा दिया है। इससे पहले नीयरबाइ के माध्यम से ऐप्स को बिना इंटरनेट के भी किसी के साथ भी आसानी से शेयर किया जा सकता था। हालांकि एप्स को अब भी गूगल फाइल के माध्यम से साझा किया जा सकता है। इसके लिए यूजर्स को फोन की ऐप कैटगरी में शेयर मेनू में जाना होगा। गूगल ने ये ऐप शेयरिंग फीचर साल 2021 में उपलब्ध कराया था, फिलहाल सुरक्षा कारणों से इसे बंद कर दिया गया है।

# सीडीओ की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण एवं जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक संपन्न

## रोपे गए पौधों की जीवितता रिपोर्ट 31 दिसंबर तक प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

अलीगढ़ (जननायक सम्राट) मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में गुरूवार को जिला पर्यावरण एवं जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक आहुत की गई। बैठक में सीडीओ ने वृक्षारोपण जन. अभियान 2024 के तहत कराए गए वृक्षारोपण की जिओ टैगिंग की विभाग. वार समीक्षा की। उन्होंने रोपे गए पौधों की सुरक्षा एवं समुचित रखरखाव पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही विगत वर्षों 2023–24 एवं 2024–25 में रोपे गए पौधों की जीवितता की 7 सदस्यीय अंतर्विभागीय जांच समिति से स्थलीय रिपोर्ट 31 दिसंबर तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। सीडीओ ने 2024 में रोपित पौधों की हरीतिमा एप पर जियो टैगिंग रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभागों द्वारा अनिवार्य रूप से वृक्षारोपण गतिविधियों से आच्छादित पंजिका बनाई जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डैश बोर्ड पर प्रतिमाह अपलोड़ किए जाने के लिए सभी विभाग समय से सूचना उपलब्ध कराएं ताकि हर विभाग द्वारा रोपे गए पौधों की जीवितता रिपोर्ट शासन को भेजी जा सके। उन्होंने आगामी वित्तीय वर्ष के लिए होने वाले वृक्षारोपण के लिए सभी विभागों को स्थल चयन करने के निर्देश देते हुए कहा कि स्थल चयन का कार्य समय से पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि पेड़ बचाओ अभियान के लिए जनसमान्य को जागरूक करते हुए पौधों को गोद लेने की परंपरा आरंभ की जाए। स्कूली बच्चों को मियावाकी एवं अन्य वन क्षेत्र में विजिट कराई जाए। पर्यावरण से सबंधित सभी सूचनाएं समय से अपलोड किए जाएं।उन्होंने उत्तर प्रदेश क्लीन एयर मै. नेजमेंट के साथ ही महाकुम्भ ऐक्शन प्लान के बारे में गंभीरता सेविचार–विमर्श किया गया। उन्होंने बताया कि प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ–2025 का आयोजन किया जा रहा है। नदियों को स्वच्छ एवं निर्मल रखने के लिए अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। ठोस एवं द्रव्य अपशिष्ट पदार्थों को यूं ही नदियों में न बहाकर जल को गंदा होने से सुरक्षित रखें। बैठक में डीपीआरओ को ग्राम वेटलैंड कमेटी का भी गठन किए जाने के निर्देश दिए गए।

## शहर में 01 जनवरी से लागू होगा ऑनलाइन रोड कटिंग परमिशन सिस्टम




अलीगढ़ (जननायक सम्राट) जिलाधिकारी विशाख जी0 की अध्यक्षता में गुरूवार को कलैक्ट्रेट सभागार में रोड कटिंग ऐप के संबंध में प्रस्तुतीकरण किया गया। डीएम की विशेष पहल पर एनआईसी के सहयोग से तैयार श्श्ऑनलाइन रोड कटिंग परमिशन सिस्टम का सभी विभागीय एवं कार्यदायी संस्थाओं के समक्ष डेमो प्रस्तुत किया गया। 01 जनवरी से इस व्यवस्था को शहरी क्षेत्र में लागू कर दिया जाएगा।जिले में विकास कार्यों के लिए की जा रही रोड कटिंग के लिए 01 जनवरी से स्वीकृत ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से अनुमति लेनी होगी। इसके लिए श्श्ऑनलाइन रोड कटिंग परमिशन सिस्टमश्श लागू किया जा रहा है, इसको एनआईसी ने विकसित किया है। इस सिस्टम को संच. ालित करने के लिए 21 दिसंबर को जिलाधिकारी के निर्देशन में सभी विभागों के नामित नोडल अधिकारी, लिपिक व कम्प्यूटर ऑपरेटर का प्रशिक्षण कराया जाएगा।डीएम विशाख जी0 ने बताया कि विभागों में आपसी सामंजस एवं समन्वय की कमी के चलते रोड काटने की अनुमति न लिए जाने के कारण सड़क खुदी पड़ी रहने से जनसामान्य को आवागमन में काफी असुविधा होती है तो वहीं सतत् मॉनिटरिंग एवं जवाबदेही न होने के कारण महीनों अकारण ही कार्य लम्बित रहता है। लोगों के आवागमन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं हो पाती है। उन्होंने बताया कि श्श्ऑनलाइन रोड कटिंग परमिशन सिस्टमश्श लागू होने के बाद अंतर्विभागीय समन्वय बनाकर रोड काटने की अनुमति प्रदान किए जाने की व्यवस्था लागू की जाएगी।



तय समय सीमा में रोड कटिंग के बाद विकास कार्य पूर्ण होने पर तत्काल मरम्मत भी हो सकेगी, जिसकी निगरानी भी इस ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से संभव हो सकेगी। डीएम ने प्रशिक्षण के उपरांत 23 से 30 दिसंबर तक नमूना आवेदन पत्र प्रेषित कर एप संचालन के संबंध में विधिवत जानकारी किए जाने के निर्देश देते हुए 01 जनवरी से श्श्ऑनलाइन रोड कटिंग परमिशन सिस्टमश्श लागू करने के निर्देश दिए।बैठक में एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट, एसपी ट्रैफिक मुकेश उत्तम, ईडीएम मनोज राजपूत के साथ ही विद्युत, जल निगम, नगर निगम, पीडब्लूडी, बीएसएनएल, जिओ, एयरटेल समेत अन्य कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## अटल आवासीय विद्यालय टमकौली में डीडीओ ने काकोरी ट्रेन एक्शन के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

अलीगढ़ (जननायक सम्राट) देश भक्ति की भावना राष्ट्र की उन्नति की रीढ़ है। देश भक्ति की भावना से ओतप्रोत देश विकास की दौड़ में सबसे आगे होते हैं। यह उद्‌गार जिला विकास अधिकारी आलोक आर्य ने काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के तहत अटल आवासीय विद्यालय टमकौली में आयोजित काकोरी ट्रेन एक्शन के शहीदों की श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने छात्रों से आव्हान किया कि वह अपने क्षेत्र के गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों को खोजें।

इस मौके पर आजादी का अमृत महोत्सव के जिला समन्वयक सुरेन्द्र शर्मा ने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन में गिरफ्तार अशफाक उल्ला खॉ, रोशन सिंह एवं राम प्रसार बिस्मिल को जहां 19 दिसंबर को 1927 को फांसी दी गई, वहीं चौथे क्रांतिकारी राजेन्द्र प्रसाद लाहिड़ी को बगावत के डर से दो दिन पहले 17 दि. संबर 1927 को फांसी पर लटका दिया। जबकि अलीगढ़ के महान स्वतंत्रता सेनानी मोहनलाल गौतम को 18 नवंबर 1925 को पाकिस्तान के लाहौर से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने अलीगढ़ में आजादी की लड़ाई के अनेक किस्से छात्रों को सुनाए। उन्होंने बताया कि क्रांतिकारियों के वकील अलीगढ़ के महान देशभक्त चन्द्रभान गुप्ता थे, जोकि बाद में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री भी बने. ।इससे पूर्व डीडीओ आलोक आर्य एवं



विद्यालय के प्रधानाचार्य रोहित सारस्वत ने मॉ भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज. ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य ने स्वतंत्रता सेनानी परिवार के कामेश गौतम, सुरेश चंद शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी संजेश कुमार, गणेश दत्त, अशोक सिंह समेत विद्यालय के छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## परिवार न्यायालय ने तीन दंपतियों में .कराया आपसी सुलह-समझौता



अलीगढ़ (जननायक सम्राट) प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अलीगढ़ रणधीर सिंह की अदालत में वादी ने पत्नी को बुलाने का धारा 9 एचएम एक्ट का वाद प्रस्तुत किया। पत्नी पत्रावली पर उपस्थित हुई। शादी 2020 में हुई है। पत्रावली सुनवाई के लिए अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय चतुर्थ श्रीमती ललिता गुप्ता की अदालत में प्रस्तुत हुई। कोर्ट ने पत्रावली काउंसलिंग के लिए भेजी कई तारीख काउंसलिंग के पश्चात पति–पत्नी मय पुत्री के साथ–साथ रहने को सहमत हुए और हंसी खुशी कोर्ट से साथ–साथ चले गए। दूसरा मामला अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रथम श्रीमति नुपुर की अदालत में पत्रावली सुनवाई के लिएु प्रस्तुत हुई वादियां की उम्र करीब 32 वर्ष एवं अकरावाद क्षेत्र की निवासी है विपक्षि पति की उम्र करीब 35 वर्ष थाना सासनी गेट क्षेत्र का निवासी है। शादी 2020 में हुई है भरण पोषण का बाद वादिया ने प्रस्तुत किया। कोर्ट ने पत्रावली काउंसलिंग के लिए भेजी कई तारीख काउंसलिंग के पश्चात दो नाबालिक दो पुत्रों के साथ कोर्ट से हंसी–खुशी साथ–साथ जीवन यापन करने के लिए चले गए। तीसरा मामले में वादियां ने अपना व अपने दो पुत्रों के भरण पोषण का वाद दायर किया। वादिया की उम्र 22 वर्ष है, चंडौस क्षेत्र की निवासी है। विपक्षी पति की उम्र 23 वर्ष है शिकारपुर बुलंदशहर का निवासी है। शादी 2021 में हुई है। पत्रावली सुनवाई के लिए अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रथम श्रीमती नूपुर की अदालत में प्रस्तुत हुई विपक्षी हाजिर आया कोर्ट ने पत्रावली काउंसलिंग के लिए भेजी कई तारीख काउंसलिंग के पश्चात पति–पत्नी दोनों पुत्रों के सहित साथ रहने को राजी हुए और हंसी–खुशी कोर्ट से विदा हुए वादिया ने अपना बाद वापस ले लिया है।उक्त जानकारी काउं. सलर एडवोकेट योगेश सारस्वत ने दी

## हुनर की महारत 8 मॉडलिंग डांसिंग और मेकअप कंपटीशन विषय पर हुआ पत्रकार वार्ता का आयोजन



जयगंज स्थिति शिव ज्वैलर्स प्रतिष्ठान पर हुनर की महारत –8 मॉडलिंग डांसिंग और मेकअप कंपटीशन विषय पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। हुनर की महारत के डायरेक्टर पवन कुमार सैनी ने बताया कि यह प्रतियोगिता दिनांक 22 दिसंबर 2024 को मैरिज रोड स्थित होटल में आयोजित की जाएगी जिसमें देशभर के सभी बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा इस कार्यक्रम में देश की जानी–मानी शख्सियत एक्टर देशमुख प्रेमी सेलिब्रिटी गेस्ट फेम का (भाभी जी घर पर है शिरकत करेंगे वहीं मुख्य अतिथि के रूप में सागवान सिटी के डायरेक्टर नरेंद्र सागवान जी उपस्थित रहेंगे। पहले भी हुनर की महारत कई सारी प्रतियोगिताएं आयोजित कर चुका है और उनके सफल सीजन के बाद अब वह अपना सीजन 8 लेकर आ रहे हैं ।इस प्रेस वार्ता में शहर की मॉडल और एक्टर अर्चना फौजदार,शिव ज्वैलर्स से विकास कुमार वार्ष्णेय, हुनर की इमारत के डायरेक्टर पवन कुमार सैनी उपस्थित रहे।

## खैर नगरपालिका के कार्यो पर एडीए की होगी कड़ी निगरानी




अलीगढ़ विकास प्राधिकरण में नगर पालिका खैर शामिल हो गया है। कैबिनेट के फैसले के बाद अब राज्य सरकार जल्द ही अधिसूचना जारी करेगी। अब नगर पालिका क्षेत्र में होने वाले विकास कार्य पर एडीए के अफसरों की नजर होगी। घरेलू, वाणिज्यिक व औद्योगिक निर्माण कार्य के लिए एडीए से नक्शा पास करवाना होगा। अलीगढ़ विकास प्राधिकरण खैर के सात गांव पटपर नगला, जेसी नगला, ऊपा नगला, धुंधी नगला, भोपा नगला, सेवा नगला, फत्ते नगला व विशुनपुरी को जोड़कर बने नगर पालिका को शामिल करने के लिए शासन में पत्राचार किया था। मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग द्वारा प्रस्ताव रखा गया। जिसके बाद खैर नगर पालिका परिषद को एडीए में शामिल किया गया। एडीए की वीसी अपूर्वा देवी ने बताया कि नगर पालिका खैर को प्राधिकरण के शामिल करने के लिए प्रयास लंबे समय से चल रहा था।

## देश के संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संसद में चर्चा



**अलीगढ़ (जननायक सम्राट) संवावदाता वीरेंन्द्र सिंह**

देश के संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संसद में चर्चा के दौरान राज्यसभा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब डा० भीमराव अम्बेडकर जी के प्रति अभद्र टिप्पणी व अमर्यादित व्यव्हार किये जाने के विरोध में आज हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रभारी विवेक बंसल के नेतृत्व मंच कांग्रेसजनों ने राष्ट्रपति महोदया जी को संबोधित एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट श्री को दिया ज्ञापन के द्वारा मांग की गई कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह अपने अमर्यादित आचरण के लिए माफी मांगे और उन्हें मंत्री पद सेबर्खास्त किया जाये और यदि हमारी ये मांगें नहीं मांगी गई तो देश के समस्त कांग्रेसजन सड़कों पर आन्दोलन करने के लिए विवश होंगे इस अवसर पर विवेक बंसल ने कहा कि राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह का ये आचरण भाजपा की दलित विरोधी मान. सिकता को दर्शाता है कोई कुछ भी कहे लेकिन वास्तविकता ये है कि भाजपा ने कभी भी दलितों के प्रति सम्मानजनक वयवहार नहीं किया ज्ञापन देते समय उपस्थित प्रमुख कांग्रेसजनों में कांग्रेस जिलाध्यक्ष ठाकुर सोमवीर सिंह, महानगर अध्यक्ष नवेद खान,शाहरुख खान, शाहिद खान, पार्षद बिजेंद्र सिंह बघेल, आनंद बघेल, सुनील कुमार जाटव,वसीम मलिक, चेतन्य प्रताप सिंह, तेजपाल सिंह, हिमांशु अग्रवाल, अनिल सिंह चौहान, अमजद हुसैन, ओमप्रकाश जी, मोहम्मद मंसूर आदि थे।



# सूर्यास्त के बाद नहीं लगाना चाहिए सिंदूर



शास्त्रों में सोलह श्रृंगार के बारे में बताया गया है, जिसमें सिंदूर को सबसे अहम श्रृंगार माना जाता है. कहा जाता है कि सुहागन स्त्री की मांग में सजा सिंदूर उसकी खूबसूरती में चार चांद लगा देता है. विवाहित महिलाओं के लिए सिंदूर उसके विवाहित होने की निशानी है. साथ ही यह जीवनसाथी के प्रति सम्मान, प्रेम और समर्पण को भी दर्शाता है.शास्त्रों में सिंदूर से जुड़े कई नियम बताए गए हैं. भारतीय संस्कृति में भी सिंदूर लगाने से जुड़ी कई मान्यताएं हैं. इन्हीं में एक है कि सूर्यास्त के बाद महिलाओं को मांग में सिंदूर नहीं लगाना चाहिए. आपने देखा होगा कि शाम या रात में जब आप सिंदूर लगाते हैं तो दादी–नानी टोककर कहती हैं कि सूर्यास्त के बाद सिंदूर नहीं लगाना चाहिए. आइए जानते हैं क्या सच में शास्त्रों में सूर्यास्त के बाद सिंदूर लगाने की मनाही है और हां तो इसके पीछे क्या कारण है.सूर्यास्त के बाद क्यों नहीं लगाना चाहिए सिंदूर ज्योतिषाचार्य अनीष व्यास बताते हैं कि, सूर्य ग्रह को सबसे शक्तिशाली ग्रह माना जाता है और इन्हें ग्रहों का राजा कहा जाता है. सूर्य सुख,ऊर्जा, समृद्धि का प्रतीक है. सूर्य दिन के समय को नियंत्रित करता है और सकारात्मकता से जुड़ा होता है. इसलिए हिंदू धर्म में सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक की अवधि को सबसे अधिक शुभ माना जाता है. वहीं सूर्यास्त को बाद चंद्रमा का समय शुरू होता है, जोकि रात्रि के समय को नियंत्रित करता है. चंद्रमा स्त्रीत्व से जुड़ा होता है. सूर्यास्त के बाद सूर्य का प्रभाव कम होता है और चंद्रमा का प्रभाव बढ़ जाता है. इसलिए ऐसे कई धार्मिक अनुष्ठान हैं, जिन्हें सूर्यास्त से पहले ही करने की सलाह दी जाती है. ज्योतिष भी सलाह देते हैं कि सूर्यास्त के बाद सिंदूर लगाने से उसका शुभ फल नहीं मिलता है.

## क्या वाकई च्यवनप्राश खाने से नहीं होता है सर्दी–जुकाम?



अगर आपकी इम्युनिटी कमजोर है और आप दवाइयों पर बहुत ज्यादा निर्भर करते हैं. तो आपको रोजाना च्यवनप्राश खाना चाहिए. विश्वास करके देखें यह आपकी इम्युनिटी को बढ़ाता है और आपके ओवर ऑल हेल्थ को ठीक करने में मदद करता है. क्या आपको वो समय याद है जब च्यवनप्राश हमारे सभी घरों में एक खाने की तरह इस्तेमाल किया जाता था? ऐसा लगता है कि लोग इस गहरे रंग के जैम की ताकत को भूल गए हैं जो आपको मौसमी बीमारियों से बचाए रखने में आपको अंदर से मजबूत रखता है. तो सवाल यह है कि क्या यह सच है या सिर्फ एक और मिथक? आइए इसे विस्तार से समझे.क्या वाकई च्यवनप्राश खाने से नहीं होता

सर्दी–जुकाम?च्यवनप्राश एक गहरे रंग का जैम जैसा पदार्थ है जिसे सभी तरह के संक्रमणों से बचाने वाला माना जाता है. यह एक शक्तिशाली हर्बल खाने वाली चीजें है जो शरीर की इम्युनिटी को बढ़ाता है. शरीर में सभी संक्रमणों का इलाज करता है. पाचन में सहायता करता है. याददाश्त और मस्तिष्क के कार्य को बेहतर बनाता है. फेफड़ों और सांस लेने की समस्याओं का इलाज करता है और इसलिए व्यक्ति की उम्र को भी बढ़ाता है. च्यवनप्राश क्या है?च्यवनप्राश एक आयुर्वेदिक प्रोडक्ट है. जो आज के समय में इम्युनिटी बूस्टर और स्वास्थ्य सप्लीमेंट की लिस्ट में सबसे ऊपर है. च्यवनप्राश कई शक्तिशाली जड़ी–बूटियों का एक मिश्रण है. जो हमारे शरीर की लगभग सभी प्रणालियों और विशेष रूप से प्रतिरक्षा प्रणाली के लिए कई स्वास्थ्य लाभ साबित हुए हैं. आम फ्लू, खांसी और सर्दी को रोकने और इम्युनिटी को मजबूत करने में मदद करने के लिए बरसात और सर्दियों के मौसम में च्यवनप्राश को अपनी लाइफस्टाइल का हिस्सा बना सकते हैं. रोजाना च्यवनप्राश खाने के फायदेमजबूतइम्युनिटीच्यवनप्राश एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन सी की प्रचुर मात्रा के कारण एक शक्तिशाली प्रतिरक्षा बूस्टर के रूप में कार्य करता है. यह प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करता है. विभिन्न रोगजनकों से बचाव करता है और संक्रमण और बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है. च्यवनप्राश के नियमित सेवन से आम सर्दी, बुखार, फ्लू और श्वसन संक्रमण की घटना में काफी कमी आती है.खांसी–सर्दी में आरामच्यवनप्राश खांसी के लक्षणों को रोकने और कम करने के लिए एक सिद्ध उपाय है.पाचन स्वास्थ्य में सुधारइसमें उच्च फाइबर सामग्री के साथ च्यवनप्राश कब्ज से राहत देता है और मल त्याग को नियंत्रित करता है. इसके एंटी–फ्लैटुलेंट गुण पाचन तंत्र में गैस के गठन को कम करते हैं. सूजन और पेट फूलने को कम करते हैं. नागकेसर, तेजपत्र, इलायची, दालचीनी और अन्य जैसे तत्व पाचन में सहायता करते हैं. बेहतर पोषक तत्व अवशोषण को बढ़ावा देते हैं.गैस्ट्रिक समस्याओं का इलाजएसिडिटी, पेट के अल्सर और गैस्ट्राइटिस जैसी आम पाचन संबंधी बीमारियों को च्यवनप्राश से प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया जा सकता है. हालांकि, कुछ लोगों को खाने से पहले डॉक्टर से सलाह लेने को कहा जाता है. एंटी–एजिंग लाभएंटीऑक्सीडेंट से भरपूर, च्यवनप्राश टिश्यूज को ऑक्सीडेटिव तनाव से बचाता है. इस प्रकार उम्र बढ़ने की प्रक्रिया में देरी करता है. यह ऊतकों को फिर से जीवंत और मरम्मत करता है, युवा जोश को बढ़ावा देता है और संज्ञानात्मक कार्यों और स्मृति को बढ़ाता है.

## गुलाब के पौधे बार–बार मुरझा रहे हैं, तो ऐसे करें इनकी केयर



अगर आपके घर के बाहर गुलाब का पौधा मुरझाने लगा है, तो आज हम आपको कुछ ऐसे आसान टिप्स बताएंगे, जिसकी मदद से आप पौधे को मुरझाने से बचा सकते हैं.के बाहर आंगन में लगे गुलाब के पौधे घर की खूबसूरती को बढ़ाने में मदद करते हैं. ऐसे में अधिकतर लोग अपने घर के बाहर गुलाब के पौधे लगाना पसंद करते हैं, लेकिन कई बार ये पौधे मुरझाने लगते हैं और इससे पूरे घर का लुक खराब होने लगता है गुलाब के पौधे को मुरझाने से बचाने के लिए आप इन टिप्स को अपना सकते हैं. सबसे पहले आप रोजाना गुलाब के पौधे को पानी जरूर दें. अगर गर्मी का मौसम है, तो आपको 1 दिन में 2 से 3 बार गुलाब के पौधे को पानी देना चाहिए. गुलाब के पौधे को आप कम से कम 6 घंटे की धूप जरूर दें, लेकिन ध्यान रहे सीधी तेज धूप पत्तियों को जला सकती है.इसके अलावा मिट्टी में पानी का अच्छा विकास होना बहुत जरूरी होता है, तभी आपका पौधा मुरझाने से बच सकता है. गुलाब के फूल में जो जो शाखाएं मुरझा गई है, उन सभी शाखाओं को आप काट दें. इसके अलावा प्रूनिंग जरूर करें, इससे नई शाखाओं का विकास होता है और पौधा ज्यादा खूबसूरत बनेगा.कई बार कीड़े लगने की वजह से भी पौधा खराब होने लगता है, ऐसे में आप अपने पौधे की जांच जरुर करें और कीटनाशक का इस्तेमाल करें. सर्दियों में पौधे को ठंड लग सकती है

## पैकेट वाले दूध को बार–बार गर्म करने से क्या होते हैं नुकसान?



पैकेट वाला दूध हो या गाय का दूध हो हम घर में लाते ही सबसे पहले इसे उबालने का काम करते हैं. यह सच भी है कि दूध में पाई जाने वाली हानिकारक बैक्टीरिया से छुटकारा पाने के लिए इसे उबालना बेहद जरूरी है. लेकिन क्या बाजार में मिलने वाले पैकेट वाले दूध को भी उबालना जरूरी है? पैकेट वाला दूध में पाई जाने वाली बैक्टीरिया नष्ट करने वाले प्रोसेस से गुजर चुका है तो क्या उसे घर में बार–बार उबालना जरूरी है? आइए जानें.दरअसल, कई रिसर्च में यह बात साबित हो चुकी है कि बार–बार दूध उबालने से उसमें पाई जाने वाले पोषक तत्व खत्म हो जाते हैं. ऐसी स्थिति में उसे पीने का कोई मतलब ही नहीं है. दरअसल, हम ऐसा इसलिए कह रहे हैं क्योंकि अभी भी 90 प्रतिशत लोग इस बात से अनजान है कि दूध उबालने का सही तरीका क्या है? हम सभी लोग दूध को हेल्थ के लिए सबसे हेल्दी ड्रिंक मानते हैं. लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या सच में हम पोषण से भरपूर दूध पी रहे हैं? शायद नहीं तो जान लीजिए दूध उबालने का सही तरीका. दूध उबालने का सही तरीकापै. केट वाले दूध को पीने से पहले हल्का गर्म कर लेना बेहद जरूरी है. लेकिन इसे 10 मिनट से ज्यादा न उबालें. एक गिलास लें उसमें दूध रखकर उसे 4–5 मिनट तक गर्म करें. ताकि वह पीने लायक बन जाए. इस बात का जरूर ध्यान रखें कि दूध में पोषक तत्व बरक. रार रहे. आप कच्चे दूध को उबालें और फिर इसे रेफ्रिजरेटर में रखें. दूध पीने से पहले आप गिलास में उतना ही दूध निकालें जितनी आपको पीनी है और उसे ही गर्म करें.दूध उबालने के लिए सबसे पहले आप जिस बर्तन में दूध उबालने का सोच रहे हैं उसके अंदरूनी तल को पानी से भिगो दें. ऐसा करने से दूध बर्तन में नहीं चिपकेगा. साथ ही आ. सानी से बर्तन भी साफ हो जाता है. इसके अलावा जब भी आप किसी बर्तन में दूध उबाल रहे हों तो दूध उबालने से पहले इसमें एक छोटा सा चम्मच डाल दें. ऐसा करने से दूध में उफान नहीं आता है. इसके अलावा दूध को उबालने के दौरान इसके बर्तन में आप लकड़ी का चम्मच डाल लें. इसे स्पैचुला भी कहा जाता है. इससे दूध बाहर नहीं आएगा. साथ ही भाप भी नहीं दिखेगा. दूध में जब भी उबाल जाए तो इसके मक्खन को फैलने न दें. इससे दूध की सारी क्रीम बाहर निकल जाती है. इसके लिए दूध उबालते समय जब दूध में उफान आए तो इसके किनारे की परत को हटा दें. दूध को उबालते समय आप इस बर्तन में आधा चम्मच सोडियम बाइकार्बोनेट मिला दें. इससे दूध उबलकर गैस पर नहीं गिरेगा.पैकेट वाले दूध को बार–बार गर्म करने से कई नुकसान हो सकते हैंरूपैकेट वाले दूध को बार–बार गर्म करने से उसमें मौजूद पोषक तत्व खत्म होने लगते हैं. ऐसी स्थिति में दूध पीने का कोई मतलब ही नहीं बनता दूध को ज्यादा गर्म करने से उसमें पाई जाने वाली प्रोटीन कम हो जाता है. ज्यादा गर्म करने से दूध में मौजूद ठ ग्रुप वाले विटामिन खत्म हो जाते हैं. दूध को बार–बार गर्म करने से उसमें लैक्टिक एसिड भारी मात्रा में बनता है, जिससे दूध खट्टा होने लगता है. अगर दूध को तेज आंच पर गर्म किया जाए, तो उसका तापमान अचानक बदल जाता है, जिससे उसका प्रोटीन जमने लगता है और दूध फट जाता है

## तुला राशि वालों के लिए 2025 में एक से अधिक आय के रास्ते खुलेंगे

तुला राशि के जातकों के लिए साल 2025 बहुत कुछ लेकर आ रहा है. करियर के मामले में यह साल तुला वालों के लिए कैसा रहेगा, नए साल में जॉब, बिजनेस, करियर के मामले में क्या करना चाहिए और किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, ज्योतिषाचार्य से जानते हैं. साल 2025 तुलनात्मक रूप से बेहतर रहेगा, अर्थात पिछले साल की तुलना में यह साल अच्छा रहने वाला है. यदि आप नौकरी में बदलाव करना चाह रहे हैं तो मार्च के बाद बदलाव करना ज्यादा अच्छा रहेगा.वैसे संभव हो तो मई महीने के मध्य के बाद बदलाव किया जाय, क्योंकि मई महीने के मध्य के बाद किया गया बदलाव और भी ज्यादा अच्छे परिणाम दे सकता है, अर्थात साल के शुरुआती महीने खास कर मार्च तक का समय नौकरी में कुछ धीमापन दे सकता है.वर्षकी शुरुआत से गुरु वृश्चिक राशि वालों के सप्तम भाव, मई से गुरु वृश्चिक राशि वालों के अष्टम भाव और अक्टूबर से दिसम्बर तक गुरु वृश्चिक राशि वालों के नवम भाव से गोचर करेगा. देव गुरु बृहस्पति का यह गोचर आपके लिए काफी लाभदायक साबित होगा. यदि आप अपने करियर में किसी भी तरह का बदलाव करना चाहते हैं तो यह समय लाभदायक रहेगा.वर्ष की शुरुआत में आप अपनी आर्थिक स्थिति को बेहतर बना सकते हैं. आप एक से अधिक स्त्रोतों के साथ ही अपने व्यापार का विस्तार करने मुनाफा कमा सकते हैं. जो छात्र पढ़ाई के साथ–साथ कोई अन्य रुचि भी रखते हैं तो वह इस समय अपनी रुचि के माध्यम से धन कमाने में सफल हो सकते हैं. आपकी नौकरी और व्यापार के लिए यह समय बहुत ही भाग्यवर्धक है.अपने करियर को आगे बढ़ाने के लिए आपको दोस्तों और सीनियर्स का पूर्ण सहयोग मिलेगा. इस साल यदि आप किसी नई नौकरी की तलाश में हैं तो आपको अपनी मनचाही नौकरी बहुत ही

आराम से मिल सकती है. आपको किसी विदेश कंपनी के साथ जुडने का मौका भी मिल सकता है. जो लोग बैंकिंग, मार्केटिंग, शेयर ट्रेडिंग फील्ड से जुड़े हैं उनको इस अवधि में अच्छा धन कमाने को मिलेगा.आपकी इनकम बढ़ेगी. आपको अच्छी खासी बचत भी होगी. जो छात्र हायर स्टडीज के लिए विदेश जाना चाहते हैं उन्हें इस साल अपना सपना पूरा करने का मौका मिलेगा. वृश्चिक राशि के जो छात्र परीक्षाओं की तैयारी कर रहें हैं तो इस अवधि में उन्हें अच्छे अंक प्राप्त होंगे और सफलता का स्वाद चखने को मिलेगा.




**आवश्यकता है**

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें –
अमित कुमार वर्मा –संम्पादक
मौः–8218049162,8273402499

**जननायक सम्राट**
**हिन्दी साप्ताहिक**

मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित

सम्पादक–अमित कुमार वर्मा

सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा